# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002


पत्रांकः 1509 /..13..–(2026)/अधियाचन /2026–27 दिनांकः 22/जुलाई/2026

## विज्ञप्ति/आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सहायक आचार्य (विज्ञापन संख्या–51) के अंतर्गत 33 विषयों के 910 पदों हेतु आयोजित चयन प्रक्रिया के क्रम में आयोग द्वारा पूर्व में जारी विज्ञप्ति दिनांक 29.06.2026 के माध्यम से दिनांक 21.07.2026 से 13.08.2026 तक साक्षात्कार आयोजित किए जाने का कार्यक्रम घोषित किया गया था।

इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित विशेष अनुमति याचिका (सिविल) संख्या–23916/2026 State of Uttar Pradesh VS Harvinder एवं संबद्ध वादों में दिनांक 21.07.2026 को पारित आदेश जो कि दिनांक 22.07.2026 को आयोग को संसूचित हुआ, के अनुपालन में सहायक आचार्य (विज्ञापन संख्या–51) के अंतर्गत दिनांक 22.07.2026 से 13.08.2026 तक प्रस्तावित साक्षात्कार कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता हैं।

साक्षात्कार की पुनर्निर्धारित तिथियों एवं अन्य आवश्यक निर्देशों की सूचना आयोग द्वारा पृथक से आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से प्रकाशित की जाएगी।

उपसचिव